# 100 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए गठित होगी अयोध्या सिटी ट्रांसपोर्ट अथारिटी



रामनगरी में 100 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की योजना है। परिवहन निगम और नगर विकास विभाग इसकी तैयारियों में जुट गये हैं। इन सिटी बसों के संचालन के लिए अयोध्या सिटी ट्रांसपोर्ट अथारिटी का गठन किया जाएगा, इसके अलावा परिवहन निगम अयोध्या के लिए वोल्वो बसें भी चलाएगा। इन बसों को चार प्रमुख शहरों गोरखपुर, इलाहाबाद, वाराणसी और लखनऊ से अयोध्या के लिए संचालित किया जाएगा, जो इन शहरों के हवाई अड्डों से अयोध्या को सीधे कनेक्ट करेंगी।